## डॉ. केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर बोले रक्षामंत्री...

# मेडिकल कॉलेजों के मामले में यूपी अब पूरे देश में नंबर-1

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

मेडिकल कॉलेजों की संख्या के लिहाज से यूपी देश का नंबर वन और एमबीबीएस सीटों के लिहाज से दूसरा राज्य बन चुका है। आज यूपी के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज है। यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का जिक्र करते हुए यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह डॉ. केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल के 25वें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पिछले 10 वर्ष के दौरान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और डॉक्टर की संख्या में खासा सुधार हुआ है। साल 2014 से पहले देश में केवल 387 मेडिकल कॉलेज थे, वहीं 2024 में बढ़कर इसकी संख्या 780 तक पहुंच गई है। एमबीबीएस सीटों की संख्या में 130 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। साल 2014 के पहले एमबीबीएस की सीटें लगभग 50 हजार थी, जो बढ़कर अब लगभग 1.20 लाख हो गई है।

डॉ. केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल की चेयरपर्सन डॉ. मधुलिका सिंह ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर 7 स्थित 112 बिल्डिंग के पीछे 500 बेड का डॉ. केएनएस हॉस्पिटल बनेगा। इस नए सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एडवांस ट्रांसप्लांट यूनिट, रोबोटिक सर्जरी, कार्डियो वैस्कुलर यूनिट और कंप्लीट कैंसर इंस्टिट्यूट भी रहेगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, सुधांशु त्रिवेदी, संजय सेठ, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, भाजपा नेता नीरज सिंह मौजूद रहे। चेयरपर्सन मधुलिका सिंह व डॉ. राहुल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

Photos: Sandeep Rastogi



केजीएमयू की न्यूरोलॉजी विभाग की पूर्व हेड प्रो. देविका नाग को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया।

### 'हकीकत में बदला सपना'

राजनाथ सिंह ने कहा कि बतौर सीएम उन्होंने ही 12 मई 2000 को इस हॉस्पिटल का उद्घाटन किया था। तब डॉ. केएन सिंह की आंखों में जो सपना देखा था, वो आज हकीकत में बदल चुका है। इस दौरान रक्षामंत्री ने बदलते जीवनशैली से डायबीटीज समेत कई नई बीमारियों के मरीज बढ़ने पर चिंता जताई।



### लहराते तिरंगों संग हुआ रक्षामंत्री का स्वागत

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दोपहर 3:00 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान हाथों में तिरंगा लिए हजारों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जयकारा लगाते हुए उनका स्वागत किया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने नष्ट किए जाने के बाद रक्षामंत्री मंगलवार को पहली बार लखनऊ पहुंचे। इस दौरान पूरा एयरपोर्ट तिरंगमय हो गया। कार्यकर्ता हाथों में सेना के शौर्य और पराक्रम के पोस्टर लिए हुए थे।

### तिरंगा यात्रा भी निकाली